**CLASS : 12th (Sr. Secondary)** **Code No. 4904**

**Series : SS-M/2020**

*रोल नं०* | | | | | | | | | | |

# हिन्दी (ऐच्छिक)

## HINDI (Elective)

***ACADEMIC/OPEN***

( Only for Fresh/Re-appear Candidates)

*समय : **3** घण्टे ]* *[ पूर्णांक : **80***

- *कृपया जाँच कर लें कि इस प्रश्न-पत्र में मुद्रित पृष्ठ **8** तथा प्रश्न **10** हैं।*
- *प्रश्न-पत्र में दाहिने हाथ की ओर दिये गये **कोड नम्बर** को छात्र उत्तर-पुस्तिका के मुख्य-पृष्ठ पर लिखें।*
- *कृपया प्रश्न का उत्तर लिखना शुरू करने से पहले, प्रश्न का क्रमांक अवश्य लिखें।*
- *उत्तर-पुस्तिका के बीच में खाली पन्ना/पन्ने न छोड़ें।*
- *उत्तर-पुस्तिका के अतिरिक्त कोई अन्य शीट नहीं मिलेगी। अतः आवश्यकतानुसार ही लिखें और लिखा उत्तर न काटें।*
- *परीक्षार्थी अपना रोल नं० प्रश्न-पत्र पर अवश्य लिखें।*
- *कृपया प्रश्नों का उत्तर देने से पूर्व यह सुनिश्चित कर लें कि प्रश्न-पत्र पूर्ण व सही है, **परीक्षा के उपरान्त इस सम्बन्ध में कोई भी दावा स्वीकार नहीं किया जायेगा।***

*सामान्य निर्देश :*

*(i) **सभी प्रश्न अनिवार्य हैं।** कुछ प्रश्नों में आंतरिक विकल्प दिए गए हैं।*

*(ii) जिन प्रश्नों के कई भाग हैं, उन्हें एकसाथ कीजिए।*

*(iii) वर्तनी की अशुद्धियों तथा विषयांतर की स्थिति में अंक काटे जाएँगे।*

*(iv) शुद्ध, सुपाठ्य और सटीक उत्तरों को अधिमान दिया जाएगा।*

**1.** निम्नलिखित प्रश्नों (i) से (iv) के उत्तर उसके नीचे दिए गए विकल्पों में से एक ***सही*** विकल्प चुनकर दीजिए तथा शेष प्रश्नों (v) से (x) के उत्तर ***एक शब्द*** या ***एक वाक्य*** में दीजिए : $1 \times 10 = 10$

(i) 'देवसेना का गीत' प्रसाद के किस नाटक से लिया गया है ?

(क) चन्द्रगुप्त (ख) स्कन्दगुप्त

(ग) अजातशत्रु (घ) ध्रुवस्वामिनी

(ii) यह दीप अकेला किससे भरा हुआ है ?

(क) घमण्ड (ख) दया

(ग) स्नेह (घ) शक

(iii) सरोज की विदाई की तुलना किससे की है ?

(क) सीता (ख) देवकी

(ग) शकुन्तला (घ) राधा

(iv) पतंग उड़ाते हुए बच्चे से कवि ने किसके बारे में पूछा ?

(क) हिमालय (ख) बनारस

(ग) गंगा (घ) सूर्य

(v) वसंत के आगमन पर पेड़ों के पत्ते कैसे हो जाते हैं ?

(vi) 'भरत राम का प्रेम' की भाषा कौन-सी है ?

(vii) विदुर किसके सामने से भागे थे ?

(viii) 'बाजि' किस पशु को कहते हैं ?

(ix) तुलसीदास की खड़ाऊ कहाँ रखी थी ?

(x) अंगद के अनुसार 'धनुरेख' किसके द्वारा पार नहीं हो सकी ?

**2.** निम्नलिखित काव्यांशों में से किसी ***एक*** काव्यांश की सप्रसंग व्याख्या कीजिए : 5

सिंधु तरयो उनको बनरा तुम पै धनुरेख गई न तरी।
बाँधोई बाँधत सो न बन्यो उन बारिधि बाँध कै बाट करी।।
श्री रघुनाथ-प्रताप की बात तुम्हैं दसकंठ न जानि परी।
तेलनि तूलनि पूँछि जरी न जरी, जरी लंक जराइ-जरी।।

**अथवा**

किसी अलक्षित सूर्य को
देता हुआ अर्घ्य
शताब्दियों से इसी तरह

गंगा के जल में
अपनी एक टाँग पर खड़ा है यह शहर
अपनी दूसरी टाँग से
बिल्कुल बेखबर !

**3.** जयशंकर प्रसाद ***अथवा*** घनानंद के जीवन, रचनाओं और काव्यगत विशेषताओं का परिचय दीजिए। 5

**4.** निम्नलिखित काव्यांशों में से किसी ***एक*** काव्यांश का काव्य-सौंदर्य स्पष्ट कीजिए : 4

टूटहिं बुंद परहिं जस ओला। तेहि जल अंग लाग सर चीरू।
केहिक सिंगार को पहिर पटोरा। तूँ सौ भँवर मोर जोबन फूलू।।

**अथवा**

यह तन जारौं छार कै कहौं कि पवन उड़ाउ।
मकु तेहि मारग होइ परौं कंत धरैं जहँ पाउ।।

**5.** पठित कविताओं के आधार पर निम्नलिखित प्रश्नों के उत्तर दीजिए : $2 \times 3 = 6$

(क) भरत के आत्मपरिताप उनके चरित्र के किस उज्ज्वल पक्ष की ओर संकेत करता है ?

(ख) माघ महीने में विरहिणी की क्या दशा होती है ?

(ग) कोयल और भँवरों के कलरव का नायिका पर क्या प्रभाव पड़ता है ?

**6.** निम्नलिखित प्रश्नों (i) से (iv) के उत्तर उसके नीचे दिए गए विकल्पों में से एक ***सही*** विकल्प चुनकर दीजिए तथा शेष प्रश्नों (v) से (x) के उत्तर ***एक शब्द*** या ***एक वाक्य*** में दीजिए : $1 \times 10 = 10$

(i) रामचन्द्र शुक्ल के पिता कौन-सी भाषा अच्छी तरह जानते थे ?

(क) संस्कृत (ख) हिन्दी

(ग) अंग्रेजी (घ) फारसी

(ii) प्रधान अध्यापक के पुत्र की अवस्था कितनी थी ?

(क) छह साल (ख) सात साल

(ग) आठ साल (घ) नौ साल

(iii) किसके मुँह के अन्दर स्वर्ग है ?

(क) लोमड़ी (ख) शेर

(ग) चीता (घ) कुत्ता

(iv) नवागाँव क्षेत्र में लगभग कितने छोटे-छोटे गाँव बसे हैं ?

(क) पंद्रह (ख) सोलह

(ग) सत्रह (घ) अठारह

(v) हजारों कश्मीर निवासी किसका स्वागत कर रहे थे ?

(vi) राजा ने समस्त जनता को क्या बंद करने का आदेश दिया ?

(vii) वीरेश लिंगम किस भाषा के कवि थे ?

(viii) प्रजापति किसे कहते हैं ?

(ix) पंचमंजिली आरती किस धातु की बनी थी ?

(x) किस ऋषि को कुटज कहते हैं ?

**7.** निम्नलिखित गद्यांशों में से किसी ***एक*** की सप्रसंग व्याख्या कीजिए : 5

हमें तो धोखा होता है कि परदादा की घड़ी जेब में डाले फिरते हो, वह बन्द हो गई है, तुम्हें न चाबी देना आता है न पुर्जे सुधारना, तो भी दूसरों को हाथ नहीं लगाने देते।

**अथवा**

ये लोग आधुनिक भारत के नए 'शरणार्थी' हैं जिन्हें औद्योगीकरण के झंझावत ने अपनी घर-जमीन से उखाड़कर हमेशा के लिए निर्वासित कर दिया है। प्रकृति और इतिहास के बीच यह गहरा अन्तर है। बाढ़ या भूकम्प के कारण लोग अपना घर-बार छोड़कर कुछ अरसे के लिए जरूर बाहर चले जाते हैं किंतु आफत टलते ही वे अपने जाने पहचाने परिवेश में लौट आते हैं। किंतु विकास और प्रगति के नाम पर जब इतिहास लोगों को उन्मूलित करता है तो वे फिर कभी अपने घर नहीं लौट सकते।

**8.** पठित पाठों के आधार पर निम्नलिखित प्रश्नों के उत्तर दीजिए :

(क) भद्रमथ शिलालेख की क्षतिपूर्ति कैसे हुई ? स्पष्ट कीजिए। 4

(ख) आँखें बन्द रखने व आँखें खोलकर देखने के क्या परिणाम निकले ? 2

(ग) लेखक ने कवि की तुलना प्रजापति से क्यों की है ? 2

(घ) 'शेर' कहानी में लेखक ने शेर को किस बात का प्रतीक बताया है ? 2

**9.** *'अंतराल (भाग-दो)'* के आधार पर निम्नलिखित प्रश्नों के उत्तर दीजिए :

(क) जगधर के मन में किस तरह का ईर्ष्या भाव जगा और क्यों ? 2

(ख) शैला और भूप ने मिलकर किस तरह पहाड़ पर अपनी मेहनत से नई जिन्दगी की कहानी लिखी ? 2

(ग) बिसनाथ पर क्या अत्याचार हो गया ? 2

(घ) अब मालवा में वैसा पानी नहीं गिरता जैसा गिरा करता था उसके क्या कारण हैं ? 4

**अथवा**

बिस्कोहर में हुई बरसात का जो वर्णन बिसनाथ ने किया है उसे अपने शब्दों में लिखिए।

**10.** ***'अभिव्यक्ति और माध्यम'*** के आधार पर निम्नलिखित प्रश्नों के उत्तर दीजिए : $5 \times 3 = 15$

(क) जनसंचार का एक सशक्त माध्यम है – 'दूरदर्शन', इसकी ***दो-दो*** खूबियाँ व ***दो-दो*** कमियाँ बताइए।

(ख) कविता के प्रमुख घटक कौन-कौन से हैं ? विस्तार से लिखिए।

(ग) अध्यापक और शिष्य के बीच गृहकार्य को लेकर ***चार-चार*** संवाद लिखिए।